लखनऊ विश्वविद्यालय,लखनऊ

दिनांक 26 सितम्बर, 2018 की सम्पन्न हुई कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक संख्या 5/2018 की कार्यवाही

उपस्थिति

1. प्रो0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह, कुलपति	–	अध्यक्ष
2. प्रो0 उपेन्द्र नाथ द्विवेदी, प्रति कुलपति	–	सदस्य
3. प्रो0 पी0सी0 मिश्रा, अधिष्ठाता, कला संकाय	–	सदस्य
4. प्रो0 अमिता बाजपेयी, अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय	–	सदस्य
5. प्रो0 कालीचरन स्नेही	–	सदस्य
6. प्रो0 दिनेश कुमार	–	सदस्य
7. प्रो0 राम मिलन	–	सदस्य
8. प्रो0 वी0के0 गोस्वामी	–	सदस्य
9. प्रो0 एस0के0शुक्ला	–	सदस्य
10. श्री संजय मेधावी	–	सदस्य
11. डॉ0 रंजना वैशम्पायन	–	सदस्य
12. डॉ0 आराधना पाण्डेय	–	सदस्य
13. डॉ ए0ए0 फारुकी	–	सदस्य
14. श्री एस0के0शुक्ल,सचिव	–	सचिव

बैठक में प्रो0 ए0 के0 शर्मा, परीक्षा नियंत्रक लखनऊ विश्वविद्यालय भी उपस्थित रहें।

बैठक आरम्भ करने से पूर्व कार्य परिषद अध्यक्ष मा0 कुलपति जी द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। कुलपति/अध्यक्ष कार्यपरिषद ने कार्यकाल पूरा करने वाले कार्य परिषद सदस्यों प्रो0 अमिता कन्नौजिया,जन्तु विज्ञान विभाग, एंव डॉ0 देव नरायन श्रीवास्तव, विधि विभाग ल0वि0वि0 के योगदान एवं सहयोग की सराहना करते हुये उनके योगदान हेतु उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुये नवागत कार्य परिषद सदस्यों प्रो0 कालीचरन स्नेही, हिन्दी विभाग, एंव डॉ0 आराधना पाण्डेय, शिक्षाशास्त्र विभाग,लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, का स्वागत किया, तथा विश्वविद्यालय हित में सहयोग का आह्वाहन किया, तथा नवागत कार्य परिषद सदस्यों को शपथ ग्रहण करायी गयी। तत्पश्चात् कुलसचिव/सचिव कार्य परिषद द्वारा कार्यपरिषद की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति तथा अनुरोध पर मा0 कुलपति जी ने कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की।

बैठक की कार्यवाही 5/2018

मद सं 01 – लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह दिनांक 09.10.2018 को प्रस्तावित हैं,तद्क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के 61वें दीक्षान्त समारोह के क्रियान्वयन सम्बन्धी लिये जाने वाले आवश्यक निर्णयों हेतु प्रस्ताव परिषद के सम्मुख निर्णयार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

सर्व प्रथम अध्यक्ष कार्य परिषद/मा0 कुलपति महोदय द्वारा समस्त मा0 सदस्यों को इस तथ्य से अवगत कराया कि लखनऊ विश्वविद्यालय के 61वें दीक्षान्त समारोह में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के चेयरमैन प्रो0 डी0पी0सिंह

Scanned by CamScanner

को मुख्य अतिथि के रुप में आमंत्रित करने पर सहमति व्यक्त की गयी। अध्यक्ष कार्य परिषद द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि मुख्य अतिथि ने आमंत्रण स्वीकार करने के लिये शर्त रखी थी कि उन्हें मानद् उपाधि न दिया जाये, इस पर समस्त मा0 सदस्यों द्वारा अध्यक्ष विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, प्रो0 डी0पी0 सिंह के इस सराहनीय पहल के लिये उनकी प्रशंसा की तथा सर्वस्मति से करतल ध्वनि से उनके प्रति साधुवाद व्यक्त करते हुये मुख्य अतिथि के नाम का अनुमोदन प्रदान किया।

इसके साथ अध्यक्ष कार्यपरिषद/मा0 कुलपति महोदय द्वारा समस्त मा0 सदस्यों को इस बात से अवगत कराया कि इस वर्ष लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोह में समारोह स्थल पर ही समस्त डिग्रियॉ मा0 राज्यपाल/कुलाधिपति महोदय के समक्ष चयनित छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की जायेगी, तथा दो दिन के सथान पर एक ही दिन आयोजित होने वाले दीक्षान्त समारोह में सभी विद्यार्थियों को डिग्री व मेडल प्राप्त हो सकेंगें। कार्य परिषद सदस्यों ने कुलपति जी की अस अभिनव सराहनीय पहल का स्वागत करते हुये उनकी इस पहल हेतु भूरि–भूरि प्रशंसा की ।

बैठक के अन्त में कुलसचिव/सचिव कार्यपरिषद द्वारा सभापति सहित बैठक में प्रतिभागी सभी सदस्यों का आभार/धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कुलपति/अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

एस0के0शुक्ल	प्रो0 एस0पी0सिंह
कुलसचिव/सचिव	कुलपति/अध्यक्ष

Scanned by CamScanner